तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 31 अगस्त 2024

11 शिविर में जनमन पत्रिका का वितरण


12 74 छात्र-छात्राओं को खिलाई गई कृमि गोली





# शिविर में मिले 385 आवेदनों में 209 का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पलारी विकासखंड के ग्राम कोदवा में तीसरा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गांव के मिडिल स्कूल परिसर में किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 385 आवदेन प्राप्त हु, जिसमें से 209 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 176 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 5 हितग्राहियों को घर की चॉबी, 6 किसानों को ऋण पुस्तिका, बिहान समूह से संबंधित 5 महिला समूहों को 7 लाख 50 हजार रूपये ऋण, कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य पत्रक, 5 को पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 6 मछली जाल, 2 आईस बाक्स, खाद्य विभाग द्वारा 10 नए राशन कार्ड, 2 को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 आयुष्मान कार्ड, 2 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 व्हील चेयर प्रदान किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 गर्भवती ▶▶ शेष पेज 11 पर

## जनसमस्या निवारण शिविर में आमजनों की समस्या एवं शिकायतों का किया गया समाधान



### प्रशासन द्वारा 36 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया

कलेक्टर सोनी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन–प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान करना है, ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। उन्हें छोटी छोटी कार्यों के लिए आम लोगों को दफ्तरों के चक्ककर लगाने की जरूरत ना पड़े एवं शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। शिविर स्थल में जिला प्रशासन द्वारा 36 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था, जिसमें अपने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई। कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं को बताया गया लाभ व राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को खाद–बीजों का वितरण किया गया।

## तत्काल उपलब्ध कराई गई ऋण पुस्तिका

शिविर में पहुंचे सण्डी निवासी दयालु वर्मा ने रिकार्ड दुरस्तीकरण कर ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर उन्हें तत्काल उन्हें ऋण पुस्तिका बनाकर मुहैया करायी गई। तत्काल ऋण पुस्तिका मिलने पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी तरह कोदवा निवासी लक्ष्मी चन्द्राकर ने राशन कार्ड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर उसे मौके पर ही राशन कार्ड बनाकर दिया गया। राशन कार्ड मिलने पर उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण 31 दिसंबर तक होगा

**सारंगढ़–बिलाईगढ़।** श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत्त निर्माणी मजदूरों का एवं असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया जाता है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 63004 मजदूरों का पंजीयन हुआ है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से 30 अगस्त तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे निर्माण श्रमिकों को 31 दिसंबर तक पंजीयन, नवीनीकरण आवेदन कर सकते हैं तथा 31 दिसंबर के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा, जिससे वे विभाग द्वारा संचालित किसी भी प्रकार के जन कल्याणकारी योजना का लाभ भविष्य में प्राप्त नहीं कर सकेंगे। विभाग ▶▶ शेष पेज 11 पर

## चिकित्सा अमला हुआ सक्रिय, ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने की दी सलाह

# गिधपुरी में उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े, तीन दिनों में 26 लोग बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पलारी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम गिधपुरी में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण उल्टी–दस्त के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पिछले तीन दिनों में गांव में 26 लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से 8 नए मामले सामने आया हैं। फिलहाल, 10 पीड़ितों का उपचार उनके घर पर ही किया जा रहा है, जबकि अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनकी देख रेख की जा रही है। डॉ. निगेंद्र कंवर लता ठाकुर ने समस्त कर्मचारियों को कहा है कि डायरिया बढ़ ना पाए, जो आए हुए मरीज हैं उनका सही तरीका से इलाज करें, ताकि वे स्वस्थ होकर घर लौटे। जांच में पता चला है कि नल जल का पानी दूषित होने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व मितानिनों द्वारा लगातार गांव और अस्पताल का दौरा कर रहे हैं। ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि वे दूषित पानी का सेवन न करें और पानी को उबालकर पीएं। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि जल्द से जल्द इस समस्या पर काबू पाया जा सके।




### दूषित पानी के उपयोग से बढ़ी बीमारी

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस ध्रुव ने बताया कि ग्राम गिधपुरी में उल्टी दस्त के मामले हैं पर स्थिति नियंत्रण पर है। वहां आज 8 मरीज आए थे, जिनका उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई है, वहीं गांव में पानी टंकी के नीचे का वाल लीकेज है, जो पाइप लाइन में पानी की आपूर्ति उसी से हो रही है जो बारिश के गंदे पानी की भी सफलाई हो रही है जिससे लोग दूषित पानी पीकर बीमार पड़ रहे हैं।

## कुम्हारों ने सजाया पोला बाजार नांदिया और जाता-पोर की बिक्री जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल में पोला त्योहार 2 सितम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह त्यौहार किसानों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह त्यौहार, निंदाई- गुडाई पूरी होने के साथ फसलों के बढ़ने की खुशी में मनाया जाता है। त्योहार को लेकर जोर शोर से तैयारियां भी शुरू हो गई है। खरोरा के साप्ताहिक बाजार में दर्जनों कुम्हार विभिन्न प्रकार के खिलौन लेकर पहुंचे हैं। वहीं, पोला पर्व का सामान लेने खरोरा नगर के नागरिक सहित अंचल के ग्रामीणों की भीड़ काफी जुटी रही। गुरुवार ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ पर्व के लिए सामान की खरीदी शुरू, होगी बैलों की पूजा

## नपा ने लगाए फलदार और छायादार पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रंतर्गत स्थानीय वार्ड 8 स्थित मुरूम तालाब चौपाटी स्थल पर नगर पालिका द्वारा वृहद पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल एवं उपस्थित पार्षदगणों द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस पौधारापेण कार्यक्रम में प्रमुख जनप्रतिनिधियों सहित नगर पालिका के पार्षदों के नाम से लगाये गये ट्री गार्ड में पौधो का रोपण किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई के निर्देशानुसार आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भी पौधे लगाये गये व उद्यान विभाग को दिये गये निर्देशानुसार पौधों की देखभाल एवं समय–समय पर पानी देने व पौधे के बड़े होने तक निगरानी करने कहा गया। पौधारोपण कार्यक्रम में टेसूलाल धुरंधर, विजय केशरावनी, अशोक जैन, योगेश अग्रवाल, सुनीता वर्मा, पार्शद संकेत शुक्ला, रूपेश ठाकुर, अमितेश नेताम, गौतम ठेठवार, रोहित साहू, जितेन्द्र महाले, रीटा केशरवानी, क्रांति साहू, डिगेश्वरी नामदेव, मनजीत कौर सलूजा, अंजनी भारद्वाज, मनोजकांत पुरेना, कमल टण्डन, कमल भारद्वाज, दिगम्बर साहू, मयाराम पाल, पियूश मिश्रा, प्रसुन दीवान, विनोद यादव, मुगल किशोर साहू, कमलेश्वरी गुरूपंचायन, स्वाति दुबे, मनोज कश्यप, दुगेश साहू, राजस्व प्रभारी प्रसुन शर्मा, शतेन्द्र सिन्हा, सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

■ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया रोपण

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## बगलोटा के स्कूल परिसर में ट्रांसफार्मर से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

शासकीय प्राथमिक शाला बगलोटा के स्कूल प्रांगण में मुख्य द्वार के पास हाई वोल्टेज विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। इससे कभी भी, कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। शासकीय प्राथमिक शाला में 37 बच्चे एवं उसी परिसर में बालवाड़ी के 9 बच्चे पढ़ने आते हैं, चूंकि उसी परिसर में बच्चे खाली समय में खेलते रहते हैं, जिससे कभी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी कई बार निरीक्षण के लिये आते हैं बात करते हैं लेकिन स्कूल से निकलने के बाद भूल जाते हैं। शायद उनको किसी बड़े हादसे का इंतजार है। प्रधान पाठक द्वारा कम से कम 10 बार लिखित में सूचना देने के बाद भी उच्चाधिकारियों के कान में जू तक नही रेंग रही है।

इस संबंध में समय–समय पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है।इसके पश्चात कोई भी समुचित कार्रवाई आज तक नहीं की गई है। ग्राम पंचायत मल्दी(बगलोटा) द्वारा इस संबंध में पंचायत प्रस्ताव पारित कर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग बिलाईगढ़ के मुख्य अभियंता के पास जमा कराई जा चुकी है। समय–समय पर विद्युत खंभों का टूटना,स्पार्किंग,तेज आवाज के साथ तार का टूटना, जलना धुंआ निकालना आग लगना,जैसी घटनाएं होती रही है।

■ प्राथमिक स्कूल के 37 बच्चे और बालवाड़ी के 9 बच्चे करते हैं पढ़ाई



## दो मजदूरों की जांच में पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम पंचायत रिगनी जहां पर एपीएल अपोलो कंपनी के लेवर कैम्प पर अचानक दो मजदूरों की मृत्यु का कारण की जानकारी को अनुविभागीय अधिकारी अंशुल वर्मा एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी अनुरूध मिश्रा द्वारा सिमगा स्वास्थ विभाग से एंबुलेंस के साथ जायजा लेने लेवर कैम्प पहुंचे, जहां पर गंदगी को देख सुपरवाइजर को सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की फटकार लगाई , वहीं अपोलो कंपनी में कार्यरत मजदूरों की संख्या की सही जानकारी सुपरवाइजर व ठेकेदार के द्वारा नहीं बताई गई। वहीं दो मजदूरों की मृत्यु का कारण को नेचुरल बताया, जिनके इलाज के दौरान हॉस्पिटल में मृत्यु होना बताया गया।

■ मजदूरों की मौत के कारण को एसडीएम ने बताया साधारण मृत्यु



## शिक्षिका मंजुलता को मिलेगा मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 'शिक्षादूत अवार्ड

**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मांठ की शिक्षिका मंजुलता देवांगन को इस वर्ष 2 सितम्बर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण "शिक्षादूत" अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। शिक्षिका को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मिलेगा। ज्ञात हो कि शिक्षिका मंजुलता देवांगन के विशेष शिक्षण और प्रयास से शासकीय प्राथमिक शाला माठ से पहली बार सन् 2023 में एक साथ 4 विद्यार्थियों का एवं सत्र 2024 में 2 विद्यार्थियों का अर्थात कुल 6 विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय माना में चयन हुआ। इन विद्यार्थियों की तैयारी में शिक्षक दम्पति मंजुलता देवांगन व नारायण प्रसाद देवांगन ने खूब मेहनत किये, जिसके फलस्वरूप बच्चों को सफलता मिली। इस सफलता का सम्मान शिक्षिका ▶▶ शेष पेज 11 पर



## 21वीं पशु संगणना के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

# कल से पशुओं की गिनती शुरू, घर-घर जाकर किया जाएगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पशुधन विकास विभाग द्वारा 21वीं पशु संगणना कार्य के लिए नियुक्त किये गये पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों हेतु प्रथम चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय पशुधन विकास विभाग कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। पशुधन विकास विभाग द्वारा प्रत्येक पांच वर्षों में पशुओं की गणना का कार्य किया जाता है। इसी तारतम्य में 21वीं पशु संगणना का कार्य 1 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक ऑनलाइन मोड में किया जाना है। इस कार्य हेतु बलौदाबाजार भाटापारा जिले में 83 प्रगणक एवं 18 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिनका जिला स्तर पर आईडी तैयार कर लिया गया है। मोबाइल एप्स द्वारा किये जाने वाले संगणना के कार्य का अभ्यास करने हेतु विभागीय अधिकारियों का एक दिवसीय हैण्ड्स ऑनलाइन ट्रेनिंग जिला नोडल अधिकारी द्वारा दिया गया। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 21वीं पशु संगणना से संबंधित समस्त तैयारियां कर लिया गया है। प्रथम चरण के प्रशिक्षण में जिला नोडल अधिकारी डॉ. वंदना उपेन्द्र रात्रे द्वारा संगणना से संबंधित समस्त प्रपत्रों, परिभाषाओं, 16 विभिन्न प्रजातियों के पशु पक्षियों का नस्ल की पहचान के संबंध में तकनीकी परिभाषाओं इत्यादि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। संगणना कार्य पूर्ण होने के पश्चात भारत शासन द्वारा जिले के पशु–पक्षियों का डेटा जारी किया जावेगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह ने जिले के समस्त पशुपालकों से इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग द्वारा संगणना कार्य हेतु नियुक्त प्रगणकों को अपने पशु पक्षियों की जानकारी प्रदान कर आवश्यक सहयोग करने की अपील की है। कलेक्टर दीपक सोनी ने भी टीम को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे से कार्य को निष्पादन करने के निर्देश पशुधन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। इस अवसर पर पशुधन विकास विभाग के अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप



### सिग्नल टाइमर शुरू करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर**। राजधानी के अधिकांश चौक-चौराहों पर बंद पड़े सिग्नल टाइमर को शुरू करने की मांग को लेकर शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कामगार सेना प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लू जांगड़े ने बताया कि शहर के व्यस्ततम चौक पर लगे सिग्नल टाइमर बंद होने से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । ऐसी स्थिति में लोग स्वयं से पूर्व अनुमान लगाकर सड़क पार करते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना रहती है और साथ ही चालानी कार्रवाई के दायरे में आ जाते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में एचएन सिंह पालीवार, संतोष मारकंडे, आनंद तिवारी, मोहित सिन्हा, घनश्याम यादव, दुर्गेश शर्मा, यशराज ठाकुर, हरीश साहू आदि शिवसैनिक शामिल हुए ।

### वन खेलकूद स्पर्धा के लिए चयन, कई जिलों से पहुंचे खिलाड़ी



**रायपुर**। 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने स्थानीय कोटा स्टेडियम में किया। पूरे प्रदेश के 6 वन वृत्तों से आए लगभग 500 खिलाड़ियों को वन बल प्रमुख ने शपथ दिलाई। वन वृत्त बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, कांकेर, सरगुजा, रायपुर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समस्त खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर को रायपुर में होना सुनिश्चित है। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विविध खेलों के लिए राज्य स्तरीय टीम का चयन 29 से 31 अगस्त के मध्य प्रतियोगिताएं आयोजित कर किया जा रहा है।

### आयुर्वेद, यूनानी चिकित्सकों के लिए पंजीयन नवीनीकरण 30 तक, फिर होगी कार्रवाई

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद में 30 जून 2019 तक पंजीकृत आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सकों के पंजीयन प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है। परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि बिना विलंब शुल्क 31 अगस्त तक निर्धारित है। विलंब शुल्क के साथ 30 सितंबर तक आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। नवीनीकरण के लिए अभी तक 2500 चिकित्सकों के आवेदन पत्र प्राप्त हो चुका है। आवेदन पत्रों के छानबीन पश्चात अक्टूबर से चिकित्सकों को पंजीयन नवीनीकरण प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

# हाइब्रिड वनभैंसों के लिए दस साल में फूंके ढाई करोड़, अब चारे के लिए पैसा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राज्य के राजकीय पशु वनभैंसों की जतन के लिए वन विभाग पिछले दो दशक से मशक्कत कर रहा है। राजकीय पशु के लिए विभाग ने अब तक जो कुछ भी किया है, वह विवादों में रहा है। उदंती में वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर में रखे गए वनभैंसों के हाइब्रिड होने के बाद सीजेडए ने उन वनभैंसों का प्रजनन कराने से इनकार कर दिया।

इसके बाद विभागीय अफसरों ने पिछले वर्ष जुलाई में 16 हाइब्रिड वनभैंसों को खुले में छोड़ दिया। खुले में छोड़े जाने पर हाइब्रिड वनभैंसे किसानों की फसल चट करने लगे। इसके बाद पीड़ित किसानों ने खुले में विचरण कर रहे हाइब्रिड राजकीय पशु को हकाल कर पुनः बाड़े में बंद कर दिया है। गौरतलब है कि वन अफसर इन हाईब्रिड वनभैंसों के खाना तथा अन्य देख रेख में वर्ष 2013 से वर्ष 2024 के बीच अब तक दो करोड़ 46 लाख 38 हजार 831 रुपए खर्च कर चुके हैं। वर्तमान में इन एनिमल के लिए चारा तथा देख-रेख करने विभाग के पास फंड नहीं है।

**हाइब्रिड वनभैंसों को लेकर वन विभाग असमंजस की स्थिति में**

### डिप्टी डायरेक्टर ने सीडब्लूएलडब्लू को दिए सुझाव

वनभैंसों को लेकर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन ने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल को पत्र के माध्यम से सुझाव दिया है। सुझाव में इन हाइब्रिड वन भैंसों को ग्रामीणों के हाथों सौंपने या फिर उन्हें यूएसटीआर के क्षेत्र से बाहर छोड़ने की बात का उल्लेख है। पत्र में अफसर ने कहा है कि इतने सारे हाइब्रिड वनभैंसों के लिए चारा नहीं है। इस वजह से एनिमल आक्रामक हो सकते हैं या भूख से मर सकते हैं। हाइब्रिड वनभैंसों का व्यवहार पालतू मवेशी की तरह है।



■ खुले में छोड़ने पर किसानों ने हकाल कर वापस बाड़े में लौटाया

### मामला सुलझाने समिति का गठन

खुले में हाइब्रिड वनभैंसों को छोड़ने के बाद किसानों की फसल नुकसान करने के मामले को सुलझाने तथा किसानों को क्षतिपूर्ति देने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने समिति गठित की है। जानकारों के मुताबिक मामला विभागीय की जगह सरकार के स्तर पर सुलझाया जाना है।

### किसानों से पकड़े और खरीदे गए थे

जिन एनिमल के हाइब्रिड वनभैंसा की पुष्टि हुई है, उनमें से एक मादा एनिमल को वर्ष 2008 में एक किसान से यह कहकर लाया गया कि यह मुर्रा की जगह वनभैंसा है। इसके बाद बाड़े में रह रहे प्योर नस्ल के छोटू के साथ उसका क्रास कराया गया। किसान से लाए गए कथित वनभैंसा का नाम अफसरों ने आशा रखा। आशा ने राजा, प्रिंस, मोहन, वीरा, सोमू, खुशी और हीरा को जन्म दिया। आशा की 2020 में मृत्यु हो गई। इसके बाद वन अफसरों ने वर्ष 2018 में किसानों से 27 हजार रुपए में दो और हाइब्रिड वनभैंसा खरीदा, जिनका नाम रंभा तथा मेनका रखा। रंभा तथा मेनका से जन्मे हाइब्रिड वनभैंसों मालती और भानुमति को जन्म दिया। चारों ने पार्वती, विष्णु, दुर्गा, किरण, कान्हा, प्रहलाद, रवि, सोमवती, जानकी, उर्वशी और सूर्या को जन्म दिया। इस तरह से रेस्क्यू सेंटर में हाइब्रिड वनभैंसों की संख्या में वृद्धि होती गई।

## शराब दुकानों का ठेका लेने वाली एजेंसियों के विरुद्ध प्रदेशभर के सुरक्षा गार्डों ने खोला मोर्चा

# 12 घंटे की ड्यूटी, वेतन आधे से कम, पीएफ-छुट्टी भी नहीं, शराब दुकानों के सुरक्षा गार्ड हड़ताल की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय शराब दुकानों की सुरक्षा का ठेका लेनी वाली एजेंसियों के खिलाफ प्रदेशभर के सुरक्षा गार्डों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश के सभी जिलों से सुरक्षा गार्ड अपनी मांगों को लेकर राजधानी पहुंचे थे, यहां वे जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे, लेकिन जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित होने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री से मिले बिना ही लौटना पड़ा।

अलग खबर

सुरक्षा गार्डों ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए बताया कि सीएसएमसीएल द्वारा सुरक्षा गार्डों का वेतन निर्धारित किया गया है। इसके तहत उन्हें वेतन आधे से भी कम दिया जा रहा है, वहीं 8 की जगह 12 घंटे की ड्यूटी कराई जा रही है, लेकिन ओवर टाइम का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। साथ ही भविष्य निधि का पैसा भी नियमित रूप से जमा नहीं किया जा रहा है।

### ओवर टाइम का वेतन देने से एजेंसियों का इंकार

सुरक्षा गार्डों ने बताया कि मासिक वेतन आदेश जारी होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने 12 घंटे की जगह अब 8 घंटे की ड्यूटी के हिसाब से उनका वेतन दिया जा रहा है, जबकि वर्ष 2017 से लेकर अप्रैल 2024 तक सभी गार्डों से 12 घंटे की ड्यूटी कराई गई है। वेतन आदेश जारी होने के बाद एजेंसियां अब ओवर टाइम का वेतन देने से पीछे हट गई हैं।

**जनदर्शन कार्यक्रम में देना चाहते थे सीएम को ज्ञापन**

### इन एजेंसियों से हुआ है अनुबंध

आबकारी विभाग ने विभिन्न जिलों के लिए अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों से अनुबंध किया है। इनमें एसआईएस, बीआईएस, इगल हंटर, सीएमएससी, कॉलमी, एसएसएस आदि एजेंसी शामिल है।



### 22861 वेतन निर्धारित पर एजेंसियां 6 से 12 हजार ही दे रहीं

सुरक्षा गार्डों ने बताया कि शराब दुकानों की सुरक्षा के लिए आबकारी विभाग ने प्रदेशभर में आधा दर्जन से अधिक एजेंसियों से अनुबंध किया है। इस अनुबंध के तहत सीएसएमसीएल द्वारा सुरक्षा गार्डों को एजेंसियों द्वारा दिए जाने वाला वेतन एवं सुरक्षा निधि भी निर्धारित किया गया है। इस आदेश के तहत 8 घंटे की ड्यूटी, मानदेय राशि 10620, ओवर टाइम चार्ज 402 रुपए, छुट्टी चार्ज 408 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 4 दिन का 1633 रुपए। इस तरह कुल 22861 रुपए मासिक वेतन दिया जाना है। सुरक्षा गार्डों ने बताया कि अनुबंध की तुलना में उन्हें न ही निर्धारित वेतन दिया जा रहा है और न भविष्य निधि जमा की जा रही है। ड्यूटी भी 8 की जगह 12 घंटे कराई जा रही है। छुट्टी मांगने पर वेतन काटने या नौकरी से निकाल देने की धमकी दी जाती है। उन्होंने बताया कि एजेंसियों द्वारा मनमाने तरीके से वेतन दिया जा रहा है। कोई एजेंसी 6 हजार, कोई 7 से 8 तो कोई 9, 10 से 12 हजार वेतन दे रही है।

### कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे

कबीरधाम, दंतेवाड़ा, बीजापुर, मुंगेली, अंबिकापुर, कोरबा, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, धमतरी, कांकेर सहित सभी जिलों से सुरक्षा गार्डों ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर उनके द्वारा आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी इस मामले में एजेंसियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। थकहारकर अब वे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन जनदर्शन कार्यक्रम नहीं होने के कारण मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि आगामी जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने वे दोबारा आएंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद भी अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## मौसम पूर्वानुमान के लिए अब होगा एआई का इस्तेमाल राजधानी में भी नई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ.मृत्युंजय महापात्र ने कहा

मौसम पूर्वानुमान के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल मौसम विभाग द्वारा किया जाएगा। राजधानी पहुंचे भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ.मृत्युंजय महापात्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी इस पर काम चल रहा है, लेकिन आने वाले दिनों में इसका प्रयोग मौसम की सटिक जानकारी के लिए किया जाएगा। कई संस्थानों के साथ मिलकर मौसम विभाग इस पर काम कर रहा है। एआई हमारे पहले से मौजूद न्यूमेरिकल वेदर प्रिडिक्शन मॉडल सिस्टम के साथ मिलकर काम करेगा। डॉ. महापात्र के अनुसार, हमारे द्वारा जारी किए जाने वाले मौसम पूर्वानुमान में पहले की तुलना में 40 से 50 प्रतिशत तक सुधार हुआ है। साइक्लोन का सही अनुमान भी अब लगाया जा रहा है। इसके कारण भी जन-धन की हानि रोकने में मदद मिली है। विकसित देशों में जो मॉडल इस्तेमाल किए जाते हैं, उनमें से अधिकतर अब रायपुर में भी हैं।

### पता चलेगी बादलों की सटीक स्थिति

मौसम विभाग के पास 1901 से लेकर अभी तक के डेटा हैं। इसका हम यथासंभव इस्तेमाल करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से आने वाले वर्षों में हम डेटा एनालिसिस करेंगे, जो मौसम का पूर्वानुमान कर सकेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि रायपुर मौसम विज्ञान केन्द्र में नया डॉप्लर रडार लगाया जा रहा है। इससे मौसम की सटीक जानकारी मिल पाएगी। रायपुर के मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा अब तक सैटेलाइट इमेज लाइटनिंग डिटेक्शन सिस्टम और वेदर ऑब्जर्वेशन तकनीक के माध्यम से मौसम की जानकारी जारी की जाती थी। इससे बादलों की सटीक स्थित पता चल सकेगी।

## 35 किलो पार्सल विदेश भेजने में कस्टम ड्यूटी से राहत, उद्यमियों की नई उड़ान से बढ़ी बुकिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के उद्यमियों को सात समंदर पार व्यावसायिक पार्सल पहुंचाने के लिए अब बिचौलियों को मोटी रकम देने से राहत मिल रही है। ऐसे ग्राहकों के लिए डाक विभाग ने रायपुर डिवीजन में आठ जगह डाक निर्यात केन्द्र शुरू किया है। इसको वन पाइंट सॉल्यूशन कहा जाता है, जहां से लोग विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों को ही नहीं, बल्कि उद्यमी 35 किलो वजनी अपने प्रोडक्ट को भी कस्टम ड्यूटी के पेंच में फंसे बिना आसानी से बुकिंग करवा रहे हैं। डाक विभाग अब हर वर्ग को काउंटर से जोड़ने के लिए प्रयोग कर रहा है। इसका फायदा उद्यमी व व्यापारी भी लेने लगे हैं। जुलाई से पहले विदेशों के लिए व्यावसायिक पार्सल भेजने के लिए व्यापारियों को लाइन लगानी होती थी। बुकिंग का समय सीमित होने से कई बार उन्हें लौटना पड़ता था।

अब ऐसे ग्राहकों के लिए विभाग ने रायपुर डिवीजन के मालवीय रोड स्थित मुख्य डाकघर, पं.रविशंकर यूनिवर्ससिटी परिसर के डाकघर सहित 8 डाकघरों में डाक निर्यात केन्द्र शुरू किया है। साथ ही प्रदेस के 33 मुख्य डाकघरों में वन पाइंट सॉल्यूशन की सुविधा देने की तैयारी है।

## बुजुर्ग माता-पिता ने लगाई न्याय की गुहार, बेटे ने नहीं दिया मकान व प्लाट का पैसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

काली नगर में 65 वर्षिय बेटी कुंजलता देवांगन के पास रहने वाले 95 वर्षीय बरातू राम देवांगन 90 वर्षीय पत्नी कुंवर बाई के साथ न्याय की गुहार लगाने के लिए गुरुवार को मोती बाग स्थित प्रेस क्लब पहुंचे। उन्होंने बताया कि कुरुद में मकान व जमीन को बेचते समय जो पैसा मिला, उसे बेटे ने खुद रख लिया। पालन-पोषण नहीं होने से विगत 32 साल से बेटी कुंजलता देवांगन पति-स्व. धनेश राम देवांगन के काली नगर पंडरी स्थित मकान में रहता हूं।

मेरा खर्च वहन करने की स्थिति में पेंशन के भरोसे घर चलाने वाली बेटी भी नहीं है। इसे देखते हुए थाने और महिला आयोग में न्याय के लिए चक्कर लगाने का साहस भी नहीं रहा है। वहां से सूचना मिलने के बाद भी बेटा सुनवाई में आने के बजाय बहाना कर रहा है। हम चाहते हैं कि पुलिस बेटे को सुनवाई में लेकर आए और हमें न्याय दिलाने में सहयोग करे।

## खाली प्लाट में नियम विपरीत टैक्स, वार्डों के विकास कार्य ठप होने से एमआईसी सदस्य व जोन अध्यक्ष नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मेयर इन काउंसिल के सदस्यों और जोन अध्यक्षों ने शहर में खाली प्लॉट पर नियम विपरीत अनाप-शनाप टैक्स वसूलने का विरोध किया है। सभापति प्रमोद दुबे, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, समीर अख्तर, जितेन्द्र अग्रवाल, रितेश त्रिपाठी, सुरेश चन्नावार सहित अन्य सदस्यों ने गुरुवार को इस संबंध में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

■ गांधी सदन में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को सौंपा ज्ञापन

■ राजनीतिक दबाव में काम करने का लगाया आरोप

एमआईसी सदस्यों ने निगम आयुक्त पर आरोप लगाया है कि राजनीतिक दबाव में आकर वे वार्डो के विकास कार्य की अनदेखी कर रहे हैं। इससे शहर के 70 वार्डो में विकास कार्य ठप पड़ा है। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सभापति प्रमोद दुबे ने कहा है कि नगर निगम रायपुर के 70 वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हैं। सामान्य सभा और एमआईसी की बैठक में हुई चर्चा व इस संबंध में लिये गये निर्णय के बावजूद अब तक कोई प्रगति व कार्यवाही प्रशासनिक स्तर पर दिखाई नहीं दे रही है। यही नहीं, जिन कार्यों का टेंडर हो चुका है उसे तत्काल प्रारंभ करवाया जाये।

### ज्ञापन के प्रमुख बिंदु इस तरह

0 खाली प्लॉट में नियम विपरीत लगाये जा रहे अनाप-शनाप कर वसूली पर रोक लगाई जाये। सर्वदलीय पार्षदों की बैठक बुलाकर इसमें यथोचित ठोस निर्णय लिया जाये।

0 प्रत्येक वार्ड के लिए 50-50 लाख रुपये के विकास कार्य तत्काल प्रभाव से स्वीकृति प्रदान कर निविदा की कार्यवाही की जावे।

0 सामान्य सभा व एमआईसी में हुये निर्णय के तहत वार्ड के राजस्व वसूली के 15 फीसदी तक की राशि के विकास कार्य के प्रस्ताव पर तत्काल स्वीकृति प्रदान करें।

0 इस सत्र के पार्षद निधि के कार्य की निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही की जावे।

0 सभी विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक महापौर, सभापति, आयुक्त व एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में 7 दिन के अंदर बुलाने की मांग।

0 निविदा हो चुके कार्यो को तत्काल प्रारंभ करवाया जाये।

### खेलों में फिजियोथेरेपी का महत्व समझाया

**रायपुर**। एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी सेंटर द्वारा गुरुवार को खेल दिवस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। इस संबंध में कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर में हमारे विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्टों द्वारा खेल संबंधी चोटों की रोकथाम, प्रबंधन और उपचार पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने खेलों में फिजियोथेरेपी के महत्व को समझा और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि संस्था के पदाधिकारियों ने इस शिविर की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों, हमारी टीम और सहयोगियों का आभार जताया।



## मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन संग्रहालय का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को नवा रायपुर में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के समीप बन रहे 'शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय' का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ के आदिवासी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित इस संग्रहालय का निर्माण 45 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 10 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री के साथ आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम भी कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने संग्रहालय में मूर्तियों, अन्य कलाकृतियों तथा विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने मूर्तियों का निर्माण कर रहे शिल्पकारों से चर्चा कर उनकी कला के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि ट्रायबल म्यूजियम छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव का एक प्रमुख केन्द्र बनेगा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश प्रेम की भावना, उनके शौर्य पराक्रम और बलिदानों पर केन्द्रित यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत को सहेजने का अनुपम प्रयास है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को संग्रहालय के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

# भूपेश के काफिले को रोकने और दुर्व्यवहार की उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले पर हमले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर कांग्रेसी पुलिस मुख्यालय पहुंचे। वहां पर डीजीपी के न होने पर कांग्रेस के नेताओं ने वहां के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 24 अगस्त को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले को रोका और सुरक्षा कर्मियों से धक्का-मुक्की की गई। घटना के विरोध में भिलाई-3 थाने के घेराव में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और एफआईआर की गई।

प्रतिनिधिमंडल में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, महेंद्र छाबड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है, इस सुरक्षा में चूक पुलिस प्रशासन की नाकामी को



दर्शाता है। उन्होंने कहा, दुर्ग में प्रदर्शन करने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोकने व उनके खिलाफ प्रदर्शन करने की बजरंग दल ने क्या कोई परमिशन ली थी? उनके काफिले को इस तरह से रोकना अलोकतांत्रिक है। उन्होंने डीजीपी से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### कांग्रेस ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला फूंका

भिलाई मे स्थानीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओ पर पुलिस प्रशासन द्वारा दमनात्मक कार्रवाई लाठीचार्ज व 150 से अधिक कार्यकर्ताओ पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला जलाया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व मे पुतला जलाया। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था लचर हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में असामाजिक तत्वों ने घेर कर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। पूर्व मुख्यमंत्री सुरक्षित नहीं, तो छत्तीसगढ़ की जनता की सुरक्षा पुलिस कैसे करेगी? शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज एवं एफआईआर करना अलोकतांत्रिक



व्यवस्था को दर्शाता है। साय की सरकार तानाशाही रवैये में उतर चुकी है। कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता इस तानाशाही सरकार से हर मोर्चे पर लड़ता रहेगा।

**ये थे मौजूद** : इस दौरान छाया वर्मा, उधोराम वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, प्रशांत ठेंगडी, नवीन चंद्राकर, दीपा बग्गा, देव कुमार साहू, माधव साहू, दिनेश ठाकुर, बाकर अब्बास, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, ममता राय आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार ने पटवारियों को दिया अतिरिक्त प्रभार

**सिमगा।** तहसीलदार नीलमणि दुबे ने प्रशासनिक कसावट लाने सिमगा तहसील में पदस्थ पटवारियों के अतिरिक्त प्रभार में परिवर्तन करते हुए शुक्रवार को आगामी आदेश तक पटवारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया है। इनमें रागिनी वर्मा वर्तमान में पदस्थ हल्का नं 26 कुकराचुंदा एवं हल्का नं 20 डोंगरिया को नवीन हल्का 26 कुकराचुंदा। उत्तरा वर्मा वर्तमान पदस्थ हल्का नं 19 केसदा एवं हल्का नं 43 हरिनभट्ठा को नवीन पदस्थापना हल्का नं 19 के साथ हल्का नं 20 डोंगरिया। तथा सिकेश ध्रुव वर्तमान पदस्थ हल्का नं 15 सिमगा को नवीन पदस्थापना हल्का नं 15 सिमगा के साथ हल्का नं 43 हरिनभट्ठा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया हैं।

### डायल 1962 पर मिलेगी पशुओं के इलाज की सुविधा

**बलौदाबाजार।** पशुपालकों को अब पशुओं के बीमार होने पर उन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बीमारी की सूचना टोल फ्री नंबर 1962 पर दर्ज होते ही नजदीकी विकासखंड में तैनात वैन मौके पर पहुंच जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल नंबर पर भी पशुओं से संबंधित सूचना दिया जा सकता है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में कृत्रिम गर्भधान एवं टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क पर विचरण करने वाले आवारा व बेसहारा मवेशियों सहित बीमार पशुओं के इलाज के लिए उक्त दोनों नंबरों से कॉल कर सकते हैं।

## निधन

### हरीश तिवारी

**मुंडा।** स्थानीय निवासी हरीश



तिवारी का निधन हो गया। वह राजकुमार तिवारी के पुत्र व बबलू तिवारी मनीष तिवारी के बड़े भैया थे। उनका अंतिम संस्कार नया तालाब में किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### गोपाल साहू

**पलारी।** ग्राम दतान (प.) निवासी गोपाल साहू का निधन हो गया है।



उनका काठी अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे साहस साहू एवं विरेन्द्र साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार में ढेलु राम साहू, दरश, राधेश्याम, भोलाराम, ग्रामीण अध्यक्ष पूरन साहू, उदय, शेखर, अमृत, डॉ. पुसराम, जगदीश, विजय, ग्रामीण साहू समाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को दी गई नये कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ नए कानून संहिता के संबंध में जागरूकता एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 1 जून से भारत में नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गया है। नए कानून के संबंध में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने, आमजनों, पत्रकारों आदि को जागरूक करने हेतु लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान नए कानून में निहित अधिनियमों, प्रक्रिया आदि

### कानून संहिता की जागरूकता पर हुई परिचर्चा





#### पुलिस एवं अधिवक्ता किसी एक नाव के दो महत्वपूर्ण सिर

पुलिस एवं अधिवक्ता किसी एक नाव के दो महत्वपूर्ण सिरे है। नाव का कोई एक भी सिरा ठीक से काम नहीं किया, तो नाव को संभाल पाना असंभव है। ठीक उसी प्रकार नए कानून के तहत नियमों का पालन, अपराधियों को सजा दिलाने में पुलिस एवं अधिवक्ताओं के मध्य परस्पर जानकारी एवं चर्चाओं का होना अत्यंत आवश्यक है।

की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए 30 अगस्त को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा निरीक्षक परिवेश तिवारी थाना प्रभारी भाटापारा शहर के नेतृत्व में विधि महाविद्यालय भाटापारा के छात्र-छात्राओं के मध्य परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नये कानून जागरूकता के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों के समक्ष नए कानून में निहित विभिन्न प्रक्रियाओं को सामने रखते हुए, उनकी कार्यप्रणाली एवं नियमों के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य रिता दीवान, ऋषि पांडे, अभिषेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# दो से आरंभ होगा भाजपा का सदस्यता अभियान

### कार्यशाला में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दो सितम्बर से भाजपा की सदस्यता अभियान आरंभ हो रहा है। भाजपा कार्यालय भाटापारा में शहर मंडल एवं ग्रामीण मंडल साथ ही सिमगा में सिमगा मंडल की सदस्यता अभियान को लेकर क्रमशः विधानसभा स्तरीय कार्यशाला में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की जानकारियों से अवगत कराया गया। अधिक से अधिक भाजपा के सदस्य बनाने कहा गया।





#### संयोजक, सह संयोजक अभियान की संरचना पूर्ण करेंगे

शिवरतन शर्मा ने कहा कि जन प्रतिनिधियों को भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है, ताकि सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़े और सभी कार्यकर्ताओं को 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। कागजी और आनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा, इसलिए सदस्यता फार्म और आनलाइन डाटा अपडेट रखना है। शर्मा ने सदस्यता अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

सदस्यता अभियान में उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा दो सितम्बर से सदस्यता अभियान में सभी सहयोग करें।

उन्होंने कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करें। यह लक्ष्य जब संगठन व सत्ता के सामने होता है, तब वह आगे बढ़ता है। संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना है। दो सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। दो सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरु करेंगे। अगले दिन तीन सितंबर को प्रदेश और चार सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी निर्धारित किए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदस्यता अभियान में पूरे परिश्रम से कार्य करें। हमें हर बूथ में घर घर जाना है और भाजपा के सदस्यता अभियान पर्व को सफल बनाना है। कार्यशाला को टेशूलाल धुरंधर ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, डॉ. मोहन बांधे, सुनील यदु, आनंद अग्रवाल, आनंद यादव, मनिदर सिंह गुम्बर, आशीष जायसवाल, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, केजुराम बघेल, छोटू यादव, चंद्रमणि तिवारी, डब्लू ठाकुर, पवन वर्मा, खुमान वर्मा, प्रणव अवस्थी, विकास गुप्ता, राजा कामनानी, सतीश सोनी, कमलेश साहू, सतीश साहू, गोलू देवांगन, पीलू वर्मा, जीवन वर्मा, प्यारे रजक, बंटी टंडन, प्रेम चौबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल थे।

# दिशा स्कूल के छात्रों ने जीते गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

गत दिनों दुर्ग में संपन्न राज्य स्तरीय जुडो प्रतियोगिता में दिशा पब्लिक स्कूल रोहिना के धैर्य भारती ने जीत हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं धनराज लहरे सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया तथा धनंजय साहू ने ब्रांज मेडल प्राप्त करते हुए सभी ने अगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। राष्ट्रीय स्तर पर विजय के लिए उनके परिजन शाला परिवार एवं क्षेत्र के लोगों ने शुभकामनाएं दी। इनके स्वागत के लिए रोहिना पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं स्टाप द्वारा बस स्टैंड भटगांव में आयोजन रखा गया। स्कूल के प्राचार्य सुदर्शन मानिकपुरी ने विजयी बच्चों को पुष्पहार पहनाकर सभी को अपने कर कमलों से मिष्ठान खिलाया। उन्होंने जीत का श्रेय अपने कोच छेदीलाल साहू तथा स्कूल के प्राचार्य के साथ साथ अपने माता–पिता को दिया।

जब स्कूल के प्राचार्य से इस बारे में पूछा गई तो उन्होंने कहा कि हमारी नीति और नीयत दोनों बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है तथा बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव स्कूल प्रबंधन आगे रहता है। इस सुखद पल को भुनाने के लिए वहां सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शिविर में जनमन पत्रिका का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' का प्रकाशन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाता है।

उक्त पत्रिका का वितरण आज जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोदवा में तीसरा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में आए युवाओं एवं अन्य व्यक्तियों को जनमन पत्रिका की प्रशंसा करते हुए पत्रिका को



लाभकारी बताया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे कालेज विद्यार्थी अविनाश वर्मा, सुशील कुमार साहू ने बताया कि जनमन पत्रिका के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं की जानकारी के साथ सटीक तथ्यात्मक आंकडे.भी मिलते हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में लगे सभी युवाओं को यह पत्रिका अवश्य पढ़नी चाहिए।

# शिक्षक एवं छात्राओं ने नेत्रदान का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का कार्यक्रम शासकीय हाईस्कूल में किया गया। सभी छात्रों को नेत्र से संबंधित समस्याओं व उपचार के बारे में बताया गया। सभी शिक्षक एवं छात्राओं से नेत्रदान का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा प्रतिवर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों को जानकारी दी जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ से वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी संतोष कुमार



देवांगन ने बताया कि नेत्रदान की प्रक्रिया में कोई भी व्यक्ति नेत्रदान हेतु फार्म भर सकता है। उसकी मृत्यु के पश्चात 6 घंटे के अंतर्गत परिवार जनों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को जानकारी देना अनिवार्य है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई जा सकती है। यह एक बहुत ही पुण्य का काम है, जिसे मृत्यु के पश्चात करना होता है। ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी आंखों की रोशनी ओपेसिटी या ब्लाइंडनेस के कारण चली जाती है, जिसे नेत्र दान के माध्यम से वापस लाया जा सकता है। बच्चों के लिए नेत्रदान थीम पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी नेत्र सहायक अधिकारियों में तोषण कुमार साहू, अरूण कुमार बंजारे, कमलेश डड़सेना, मोतीलाल जयसूर्या एवं हरीश वर्मा का योगदान रहा।

# छात्रों को सिखाया गया से हाथ धोने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक पलारी में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएन वर्मा के निर्देशन एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं क्लैप लीडर नेहा उपाध्याय के मार्गदर्शन में पलारी के बिगनिंग जंपिंग स्कूल में स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान हैंड वॉश डेमोंसट्रेशन एक्टिविटी प्री प्राइमरी के बच्चों के साथ मिलकर की गई, जिसमें छोटे–छोटे बच्चों को हैंड वॉश का इंपॉर्टेंस बताया गया। साथ ही हैंड वाश कैसे करें उसके कितने स्टेप होते हैं यह भी छोटे–छोटे बच्चों



को क्लैप लीडर नेहा उपाध्याय द्वारा बताया गया। साथ ही हम अपने स्कूल में किस तरह से छोटे बच्चों को स्काउट गाइड से जोड़ सकते हैं, इसकी जानकारी भी प्राचार्य केयूरभूषण वर्मा एवं अन्य स्टाफ को दी गई। इस एक्टिविटी में बिगनिंग जंपिंग के पूरे शाला परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

### नपं अध्यक्ष ने छात्रों को प्रदान की कम्प्यूटर सामग्री

पलारी। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी को संकुल के समस्त शिक्षकों द्वारा मांग पत्र सौंपा गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुये नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत संकुल पलारी के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा का क्षेत्र डिजिटल करने कार्यालय नगर पंचायत पलारी में कंप्यूटर समाग्री प्रदाय की गई। इस पर शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार प्रकट किया।इस अवसर पर संकुल समन्वयक चन्द्रभूषण सिंह ध्रुव, शिक्षक योगेश कुमार वर्मा, हरीशचंद्र साहू, प्रेमनारायण देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# रासेयो सलाहकार समिति का गठन




**पलारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोनारदेवरी में शिक्षा सत्र 2024–25 के लिए विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संचालन हेतु सलाकार समिति का गठन किया गया। इसमें राजेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कल्पना भगत को सचिव, रामेश्वर वर्मा, छन्नू लाल साहू, गोपाल कन्नौजे, गैंदराम धीवर, पंकज साहू, रमा ध्रुव को सदस्य बनाया है। गठन पश्चात सभी सदस्यों ने गांव में हैजा जागरूकता रैली निकालने व आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। उक्त अवसर पर रासेयो के स्वयं सेवक व विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## पेज 9 के शेष

### शिविर में मिले...

महिलाओं का गोदभराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य भारती–मोनू साहू, सुमित्र धृतलहरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष मनोज आडिल, गांव के सरपंच दुर्गा महेश्वर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी– दस्त, पेट–दर्द, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के कुल 20 नए फार्म भरे गए व 5 आयुष्मान कार्ड धारकों को तुरन्त आयुष्मान कार्ड मुहईया करवाया गया। शिविर में ग्रामीणों की सिकलसेल 35 जांच किये व 3 सिकल सेल कार्डो का वितरण त्वरित किया गया। इसी तरह आयुर्वेद विभाग द्वारा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

### तत्काल उपलब्ध कराई

एसडीएम सीमा ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### श्रमिक पंजीयन एवं ...

के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन निःशुल्क है एवं किसी भी सीएससी सेंटर अथवा किसी भी कम्प्यूटर सेंटर द्वारा किया जा सकता है। वर्तमान में शासन द्वारा श्रम विभाग के पंजीयन एवं योजनाओं के आवेदन हेतु मोबाइल एप्प श्रमेव जयते जारी किया गया है, जिसमें श्रमिक स्वतः ही अपना पंजीयन कर सकते हैं एवं पंजीकृत श्रमिक योजना हेतु आवेदन कर सकते हैं। उक्त आवेदन गूगल प्ले स्टोर अथवा श्रम विभाग की वेबसाइट सीजीलेबर डॉट एनआईसी डॉट इन में उपलब्ध है।

### कुम्हारों ने सजाया ...

को बाजार में मौसम ने भी साथ दिया। मौसम खुला होने के साथ ही दिनभर ग्राहकों का आना जाना लगा रहा। पोरा त्यौहार के लिए इन दिनों खरोरा के चौक चौराहों पर नंदिया बैल बिकने लगे हैं। किंतु इस महंगाई के कारण अधिकांश बिक्री नहीं हो रही है। बाजार में आए कुम्हारों ने बताया कि पहले की अपेक्षा अब नंदिया बैलों की बिक्री कम है महंगाई के कारण ही त्यौहार फीका पड़ रहा है।

### शिक्षिका मंजुलता को...

को "मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण "शिक्षादुत" अवार्ड के रूप में मिलेगा। इस सफलता पर संस्था के प्रधानपाठक मनोज बघेल, शिक्षकगण वसुंधरा साहू, शिवानी वर्मा, यामिन वर्मा, दिनेश कुर्रे, आशाराम वर्मा संजय कुमार वर्मा संकुल समन्वयक, नारायण प्रसाद देवांगन और समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं पालक सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में 32 बंदियों का हुआ इलाज

**बलौदाबाजार।** जिला जेल बलौदाबाजार में परिरुद्ध 32 बंदियों का आयुर्वेद पद्धति से इलाज किया गया। बंदियों एवं जेल स्टॉफ पुराना सर्दी खांसी, चर्मरोग, उदररोग, ब्लड प्रेशर, शुगर रोग का आयुर्वेद पद्धति से रहन–सहन, खान–पान, पथ्य–अपथ्य की जानकारी एवं दवाई दी गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने बताया कि संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जेलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन परिरुद्ध बंदियों के समुचित उपचार व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर शिविर में चिकित्सक डॉ. एलएस ध्रुव फार्मासिस्ट सीता साण्डे, औषधालय सेवक योगेंन्द्र गेंडरे उपस्थित रहे।

### मेडिकल के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के एक मेडिकल स्टोर के सामने से बाइक चोरी की घटना हुई है। पुलिस को प्रार्थी युगल किशोर चंद्राकर पिता कमलनारायण चंद्राकर निवासी मौलीमुड़ा ने बताया कि 26 अगस्त को रात 09.30 बजे फुलवारी चौक के पास शनिकृपा मेडिकल के सामने अपने मोटर सायकल क्र0 सीजी 06 जीएक्स 6166 को रखकर बागबाहरा आया था।

### महिला से उसके पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को जानकी बरिहा पति संतराम बरिहा निवासीग्राम भजपुरी ने बताया कि 29 अगस्त को शाम करीब 5.00 बजे मैने अपने पति संत कुमार बरिहा से मजदूरी करने के लिए बाहर जाने के लिए रखे 13000 रुपए को मांगा तो उसने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखे मुर्गा काटने के कत्ता से फेंककर मारा, जिससे मेरे बांये हाथ के कंधे में चोंट आई।

# सुनिश्चत दिनचर्या से बेहतर स्वास्थ और मानसिकता का होता है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में संचालित हायर लर्निंग कक्षा में गेस्ट स्पीकर के रूप में हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा शामिल हुईं।

कुलपति ने छात्र छात्राओं को अपने अनुभवों और विश्वविद्यालय के बारे में बताते हुए कहा कि 166 कॉलेज और 2 लाख बच्चे उनके विश्वविद्यालय के अंतर्गत अध्ययन करते हैं तथा 7 जिले इससे जुड़े हुए हैं। इनमें विभिन्न कौशलों और डिग्रियों से जुड़े विषय उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि वे हर कक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त किए और जिस महाविद्यालय में वे पढ़ती थीं वहीं से उन्होंने अध्यापन कार्य की शुरुआत की। उनकी सफलता में उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

यदि दिनचर्या निश्चित हो तो आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है और मानसिक विकास तेजी से होता है। दिनचर्या निर्धारित करने के लिए समय का नियोजन आवश्यक होता है।

रोज सुबह जल्दी उठें और रात में जल्दी सोएं। प्रतिदिन योग करना और अच्छा भोजन करना आवश्यक होता है। अच्छे स्वास्थ्य से अच्छे मस्तिष्क का विकास होता है और अच्छे मस्तिष्क से जब आप पढ़ाई करते हैं तो आपकी सफलता निश्चित होती है।

## हायर लर्निंग कक्षा में शामिल हुईं कुलपति डॉ. पल्टा ने बच्चों के बीच साझा किए अपने अनुभव



### समय पर कार्य करने से आनंद प्राप्त होता

प्रतिदिन एक घंटा योग करने से आपका स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है, साथ ही आपके मानसिक विकास में तेजी आती है और मन में प्रसन्नता बनी रहती है। किसी भी व्यक्ति की सफलता के लिए समय का नियोजन, समय का प्रबंधन और कार्य करने की प्रबल इच्छा होना आवश्यक है। कोई भी कार्य समय पर करें। समय पर कार्य करने से आनंद प्राप्त होता है और प्रशंसा मिलती है, जो की एक अद्भुत अनुभव होता है। उक्त अवसर पर कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के साथ डायरेक्टर मृदु पोगला, प्रिंसिपल रिमा चौधरी, वाइस प्रिंसिपल पामेश्वरी कश्यप व सभी एकेडमिक कोऑर्डिनेटर चंद्रकिरण बोबचे, मौसूमी भट्टाचार्य, ज्योति, सुनयना तथा अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

## निर्णय : व्यवसायियों की मांग पर नपाध्यक्ष ने बैठक में पार्षदों से की चर्चा

# पूर्व परिषद के फैसले में नगर पालिका ने किया संशोधन, है व्यपारीयों के हित में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 12 वर्ष पूर्व पारित प्रस्ताव के अनुसार पालिका द्वारा आबंटित दुकान/ चबुतरा के नवीनीकरण के लिए प्रत्येक तीन वर्ष में एक हजार रुपए समझौता शुल्क व 15 प्रतिशत बढ़ोतरी कर नवीनीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया था। 6 जुलाई 2012 को तत्कालीन नपाध्यक्ष अंजु जैन की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में पारित किये गए उक्त प्रस्ताव से नगर के व्यापारियों पर आर्थिक भार पड़ने की बात कहते हुए व्यापारी संघ द्वारा लगातार बढ़ोत्तरी राशि के फैसले को वापस लेने की मांग उठाई जाती रहीं थी।

सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदगण जितेन्द्र महाले, रोहित साहू, अमितेश नेताम, गौतम ठेठवार, कमल टण्डन, मनोजकांत पुरेना, कमल भारद्वाज, रविन्द्र नामदेव, हरजीत सिंह सलूजा, प्रसुन शर्मा, गुरूदत्त तिवारी एवं व्यापारीगण इंद्रकुमार जैन, अशोक जैन, दिलीप रोहरा, लक्ष्मीनारायण केशरवानी, मोहन गुप्ता, लक्ष्मी साहू, संतोश गुप्ता, अशोक हरिरमानी, चंद्रपाल परसवानी, शिवप्रकाश तिवारी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित थे।




### व्यापारियों को राहत देने का निर्णय लिया

नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने पूर्व में व्यापारीगणों के मांग अनुरूप दर कम करने का प्रस्ताव पारित किया गया व उक्त प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर व्यापारियों के हित में निर्णय लिया गया। इसमें विलंब से निर्णय हुआ पर व्यापारियों के पक्ष में दर कम कर व्यापारियों को राहत प्रदान की गई तथा व्यापरियों की मांग के अनुरूप यथासंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। इस पर नगर के व्यापारीगणों ने नपाध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षदगणों द्वारा मिलने वाले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### गाड़ी आने पर कचरा देने की अपील की

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका को आर्थिक रूप से मजबूत किये जाने व्यापारीगणों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने सभी व्यापारी से नगर पालिका को सहयोग करते हुए किराये की राशि जमा करने कहा एवं बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण से होने वाली परेशानी से अवगत कराया गया तथा अपने व्यापार व्यवसाय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरा को नुक्कड़ या दुकान के बाहर फेंकने से मना करते हुए नगर पालिका की कचरा गाड़ी आने पर कचरा देने की अपील की।

### प्रस्ताव पर चर्चा की गई

व्यापारियों की मांग को ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष चित्तावर जायसवाल द्वारा बुधवार को नगरपालिका कार्यलय में पार्षदों एवं व्यवसायी संघ के सदस्यों की बैठक आहुत कर मुनप अधिकारी खिरोद्र भोई व राजस्व विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में पूर्व में परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसमें नगर के व्यापारीगणों ने दुकान नवीनीकरण एवं नामांतरण के प्रक्रिया को सरलीकरण किये जाने की मांग रखी। जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने व्यापारीगणों की मांग के अनुरूप शासन नियमानुसार जो भी निर्णय होगा एवं परिषद के निर्णय अनुरूप कार्यवाही किये जाने की बात कही।

## अवैध मुरम खनन का विरोध ग्रामीणों ने तहसील व थाने में दर्ज करायी शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

परिक्षेत्र में अवैध मुरम खनन व परिवहन काम बेधड़क जारी है। ग्रामीणों विरोध किये जाने पर रात के अंधेरे में रातभर मुरम खनन व परिवहन जारी रहता है। इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम गनियारी के सरपंच प्रतिनिधि महेश साहू व ग्रामवासी ग्राम गनियारी में अवैध मुरम खनन से आक्रोशित होकर तहसीलदार खरोरा व थाने में लिखित में शिकायत पत्र देकर तत्काल अवैध मुरम खनन पर रोक लगा कर मुरम माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत गनियारी के सरपंच प्रतिनिधि महेश साहू व ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम की शासकीय भूमि खसरा नं. 594/1 रकबा 8.2800 जल का भाटा के पास की भूमि पर रात भर अवैध मुरम खनन व परिवहन काम जारी है। गोठान व चरागाह के लिए आरक्षित जमीन में भी खनन कर भूमि को बरबाद कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम गनियारी अलावा ग्राम असौदा, माठ, मुड़पार सहित खरोरा परिक्षेत्र प्रायः सभी ग्राम की शासकीय भूमि पर अवैध मुरम खनन व परिवहन का काम धड़ल्ले से जारी है।

# 74 छात्र-छात्राओं को खिलाई गई कृमि गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



शासकीय प्राथमिक शाला मड़कड़ी में शासन की योजना अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया, जिसमें उपस्थित 73 बच्चों को कृमि गोली खिलायी गई व शिक्षक हेमन्त कुमार श्रीवास, मितानिन बृंदा बाई चवरगुवाल व उर्मिला आदित्य द्वारा उसके फायदे के बारे में बताया गया कि कैसे कृमि संक्रमण से बच्चों और किशोरियों में कुपोषण और खून की कमी होती है। जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। सम्पूर्ण शरीरिक और मानसिक विकास नहीं होता है। कृमि मुक्ति के लाभ भी बताया गया, जिसमें एनीमिया में कमी और और सुधार, बेहतर मानसिक विकास, बेहतर पढ़ाई और खेलकूद, बेहतर शारीरिक विकास में वृद्धि एवं अन्य लाभ के बारे में बताया गया। संक्रमण के बचाव के बारे में बताया कि नाखून साफ व छोटे रखे, हमेशा साफ पानी पियें, खाना ढंककर रखे, फल व सब्जियों को साफ पानी से धोएं, खाने से पहले और शौचालय के बाद साबून से हाथ धोए, खुले में शौच न करें, अपने आसपास की सफाई के बारे से बताया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजकुमार वर्मा, संतोष कुमार साहू एवं मितानिन की उपस्थिति में कुल उपस्थित 74 छात्र छात्राओं को टेबलेट खिलायी गई।

■ मड़कड़ी स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मना

### छात्रों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल टैबलेट



**खरोरा।** मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजन में नर्सरी स्कूल से दसवीं तक छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलायी गई। संस्था के प्राचार्य पीएन साहू, शिक्षिकाएं मंगलेश्वरी, योगेश्वरी, रजनी उषा, नम्रता, मंजूषा ने छात्रों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर एनीमिया की रोकथाम बौद्धिक विकास सुधार पर जोर दिया।

# प्रशिक्षणार्थियों को मिला कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन





एजुकेशनल इंस्टिट्यूट हिरमी में हिरमी, सकलोर, कुथरोद, परसवानी सहित क्षेत्र के 15 गांवों के करीब 100 स्कूली छात्र–छात्राओं को ग्रीष्मकालीन समर स्पेशल क्लासेस अंतर्गत निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कराया गया था, जिनका इंस्टिट्यूट द्वारा प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर, तिल्दा के जैनेंद्र बघेल सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इंस्टिट्यूट हिरमी के संचालक तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि विगत तीन वर्षों से निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कराया जा रहा हैं। बिना कंप्यूटर ज्ञान के आज आगे बड़ पाना संभव नहीं है। इस दौरान 45 दिन तक बेसिक कंप्यूटर की जानकारी एवं सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ दी गई थी। साथ में कैरियर गाइडेंस व डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स भी यही उपलब्ध कराया जा रहा है। इस प्रकार के केंद्र खुल जाने से जरूरतमंद स्टूडेंट व युवाओं को भी कंप्यूटर का ज्ञान मिलेगा। बच्चे यहां सीखकर कर उनका भविष्य भी उज्ज्वल होगा। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कामता में 36 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम कामता के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। प्राचार्य ज्ञानेंद्र सार्वा ने बताया कि कक्षा 9 वीं के पात्र 36 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर सरपंच गंगोत्री सीयाराम राकेश, शाला प्रबंधन एवं राम नरेश, रोहित साहू, विरेन्द्र कुमार, प्राचार्य ज्ञानेंद्र सार्वा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम जाड़ामुड़ा से एक युवक के घर से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर घटना स्थल आरोपी ग्राम जाड़ामुड़ा निवासी गणेश बरिहा पिता गौतम बरिहा (38 साल) की बाड़ी सेसाढ़े 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 900 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।




मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371




